झारखंड शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद, राँची (झारखंड)

प्रथम सावधिक परीक्षा - 2021-2022

मॉडल प्रश्न-पत्र

सेट-1

वर्ग- 11	विषय-अर्थशास्त्र	पूर्णांक- 40	समय - 1 घंटा 30 मिनट

सामान्य निर्देश-

- सभी प्रश्नों के उत्तर अनिवार्य है।
- कुल 40 प्रश्न हैं।
- प्रत्येक प्रश्न के लिए 1 अंक निर्धारित है।
- प्रत्येक प्रश्न में चार विकल्प दिए गए हैं। सही विकल्प का चयन कीजिए।
- गलत उत्तर के लिए अंक नहीं काटे जाएँगे।

1. "जीवन के सामान्य कारोबार" वाक्यांश से क्या तात्पर्य है?

   (A) मनुष्य का सामाजिक कार्य (B) मनुष्य का धार्मिक कार्य
   (C) मनुष्य का आर्थिक कार्य (D) मनुष्य के मनोरंजन का कार्य

2. निम्न में से किसके अध्ययन का संबंध अर्थशास्त्र से नहीं है?

   (A) उत्पादन (B) उपभोग
   (C) वितरण (D) सरकार का गठन

3. सांख्यिकी का जनक किसे कहा जाता है?

   (A) एडम स्मिथ (B) रैग्नर फ्रिश
   (C) माल्थस (D) गॉटफ्राइड एकेनवाल

4. बहुवचन में शब्द "सांख्यिकी" से क्या तात्पर्य है?

   (A) संख्यात्मक मान (B) आँकड़ा
   (C) सांख्यिकीय तथ्य (D) इनमें से सभी

5. अर्थशास्त्र में किस प्रकार के आँकड़ों का प्रयोग होता है?

   (A) केवल मात्रात्मक (B) केवल गुणात्मक
   (C) मात्रात्मक और गुणात्मक दोनों (D) इनमें से कोई नहीं

6. संरचित या परिमित-उत्तर प्रश्नों में उत्तर के विकल्पों की संख्या हो सकती है।-

(A) 1
(B) 0
(C) केवल 2
(D) 2 या 2 से अधिक

7. किस प्रकार के आँकड़ों की विश्वसनीयता और सत्यता की जवाबदेही अन्वेषक पर होती है

(A) प्राथमिक
(B) द्वितीयक
(C) प्रकाशित
(D) इनमें से कोई नहीं

8. आँकड़ा संग्रह के लिए सूचनाएँ एकत्रित करने वाला व्यक्ति .... कहलाता है।

(A) उत्पादक
(B) निवेशक
(C) अन्वेषक/ प्रेक्षक
(D) उपभोक्ता

9. इनमें से किस विधि में प्रगणक का उत्तरदाता से प्रत्यक्ष संपर्क होता है ?

(A) E-MAIL सर्वेक्षण
(B) टेलीफोन सर्वेक्षण
(C) वैयक्तिक साक्षात्कार
(D) डाक सर्वेक्षण

10. स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद भारत में सर्वप्रथम कब जनगणना कार्य हुआ था?

(A) 1947 ई.
(B) 1951 ई.
(C) 1948 ई.
(D) 1971 ई.

11.वर्गीकरण आँकड़ों को.............. व्यवस्थित करने की प्रक्रिया है

(A) स्तंभों में
(B) पंक्तियों में
(C) खास आधार पर समूह या वर्गों में
(D) विभिन्न स्तंभों तथा पंक्तियों में

12. एक वर्ग का मध्य बिन्दु बराबर है

(A) उच्च वर्ग सीमा और निम्न वर्ग सीमा के औसत के
(B) उच्च वर्ग सीमा और निम्न वर्ग सीमा के योग के
(C) उच्च वर्ग सीमा और निम्न वर्ग सीमा के गुणनफल के
(D) उच्च वर्ग सीमा और निम्न वर्ग सीमा के अंतर के

13. बारंबारता वितरण में अपरिष्कृत आँकड़ों को ....चर में वर्गीकृत किया जाता है।

(A) गुणात्मक
(B) मात्रात्मक
(C) स्थानीय
(D) विविक्त

14. निम्नलिखित में से कौन चर संतत चर का एक उदाहरण है?

(A) क्षेत्रफल
(B) बच्चों की संख्या
(C) पासे पर आने वाली संख्या
(D) विद्यालय में पढ़ने वाले विद्यार्थियों की संख्या

15.मिलान चिह्नों की गणना कितने समूहों में की जाती है?

(A) 1 (B) 2

(C) 3 (D) 5

16.बिहार के एक शहर में 8 सितंबर 2005 को पेट्रोल तथा डीजल की कीमतों में की वृद्धि के विरोध में आयोजित एक बंद के दौरान 5 पेट्रोल पंप खुले तथा 7 बंद पाए गए और 2 विद्यालय बंद तथा 9 विद्यालय खुले पाए गए । यह उदाहरण आँकड़ों के किस प्रकार के प्रस्तुतीकरण को प्रदर्शित कर रहा है?

(A) मात्रात्मक (B) पाठ विषयक

(C) सारणीकरण (D) आरेखीय

17. कक्षा 11 की अध्यापिका आँकड़ों को पंक्तियों(क्षैतिज) तथा स्तंभों(ऊर्ध्वाधर) रूप में कक्षा में दिखाती है। वह आँकड़ों को किस प्रकार प्रस्तुत कर रही हैं?

(A) मात्रात्मक (B) पाठ विषयक

(C) सारणीकरण (D) आरेखीय

18. सुमित पिछले 10 वर्षों की अवधि के दौरान एक विद्यालय में अध्ययन करने वाले विद्यार्थियों की संख्या को सारणीबद्ध करता है। सुमित के द्वारा किया गया विद्यार्थियों का यह वर्गीकरण क्या कहलाता है?

(A) स्थानिक (B) कालिक

(C) मात्रात्मक (D) गुणात्मक

19. काल श्रेणी आँकड़ों के प्रस्तुतीकरण के लिए निम्न में से किसका प्रयोग किया जा सकता है?

(A) बारंबारता आरेख (B) दंड आरेख

(C) बारंबारता बहुभुज (D) तोरण

20. तोरण को और किस नाम से जाना जाता है?

(A) संचयी बारंबारता वक्र (B) दंड आरेख

(C) वृत्त आरेख (D) अंकगणितीय आरेख

21. भारत में प्रथम आधिकारिक जनगणना कब प्रारंभ हुई थी?

(A) 1951 ई. (B) 1921 ई.

(C) 1947 ई. (D) 1821 ई.

22.ब्रिटिश काल में भारत की राष्ट्रीय आय की गणना का पहला प्रयास किया था?

(A) फिण्डले शिराज (B) बी. के. आर. वी. राव

(C) दादा भाई नौरोजी (D) विलियम डिग्बी

23. रेलवे ने भारत की अर्थव्यवस्था की संरचना को किस प्रकार प्रभावित किया?

(A) लोग अब लंबी यात्राएं कर सकते थे। (B) कृषि के व्यवसायीकरण को बढ़ावा मिला

(C)जान माल की हानि हुई (D) A तथा B दोनों

24.स्वतंत्रता के पश्चात भारत में किस आर्थिक प्रणाली को अपनाया गया?

(A) पूँजीवादी (B) मिश्रित

(C) समाजवादी (D) इनमें से कोई नहीं

25.औपनिवेशिक काल में भारत के औद्योगीकरण के पीछे विदेशी शासकों के क्या उद्देश्य थे?

(A) भारत को कच्चे माल का निर्यातक बनाना (B) भारत को एक विशाल बाजार बनाना

(C) भारतीय उद्योगों का विकास करना (D) A तथा B दोनों

26. किसी वस्तु का कीमत निर्धारण बाजार में किसके द्वारा होता है?

(A) केवल माँग द्वारा (B) केवल पूर्ति द्वारा

(C) माँग और पूर्ति दोनों के द्वारा (D) उत्पादन के द्वारा

27. राष्ट्रीय योजना समिति का गठन कब किया गया था ?

(A) 1935 ई. में (B) 1938 ई. में

(C) 1944 ई. में (D) 1947 ई. में

28.पंचवर्षीय योजना की अवधि कितनी होती है?

(A) 5 वर्ष (B) 6 वर्ष

(C) 4 वर्ष (D) 3 वर्ष

29.किस प्रकार की आर्थिक प्रणाली में उत्पादित वस्तुओं को लोगों के बीच उनकी क्रयक्षमता के आधार पर वितरित किया जाता है?

(A) समाजवादी (B) साम्यवादी

(C) सार्वजनिक (D) पूँजीवादी

30.भारत की प्रथम औद्योगिक नीति की घोषणा कब की गई?

(A) 1945 ई. (B) 1948 ई.

(C) 1947 ई. (D) 1951 ई.

31.भारतीय सांख्यिकी संस्थान कहाँ अवस्थित है?

(A) नई दिल्ली (B) मुंबई

(C) कोलकाता (D) पटना

32. आर्थिक संवृद्धि का प्रामाणिक सूचक .... है।

(A) सकल घरेलू उत्पाद (B) साक्षरता दर

(C) जीवन-प्रत्याशा (D) जीवनस्तर

33.विश्व व्यापर संगठन (W.T.O) की स्थापना कब की गई?

(A) 1990 ई. (B) 1995 ई

(C) 1955 ई (D) 2000 ई

34. भारत में नई आर्थिक नीति की घोषणा कब हुई थी?

(A) 1991 ई (B) 1995 ई

(C) 1996 ई (D) 2004 ई

35.प्रत्यक्ष कर .... लगाया जाता है।

(A) व्यक्ति की आय पर (B) वस्तु की उत्पादन मात्रा पर

(C) वस्तु के आयात पर (D) वस्तु के निर्यात पर

36.विनिवेश का उदेश्य क्या है?

(A) वित्तीय अनुशासन बढ़ाना (B) आधुनिकीकरण में सहायता देना

(C) सरकार द्वारा आय एकत्रित करना (D) इनमें से सभी

37.योजना आयोग के पदेन अध्यक्ष होते थे?

(A) राष्ट्रपति (B) वित्तमंत्री

(C) गृह मंत्री (D) प्रधानमंत्री

38.टाटा स्टील कंपनी की स्थापना कब हुई?

(A) 1907 ई. (B) 1995 ई.

(C) 1997 ई. (D) 1947 ई.

39.टाटा स्टील कितने देशों में कार्यरत है?

(A) 26 (B) 16

(C) 30 (D) 31

40. विश्व बैंक को किस नाम से जाना जाता है ?

(A) IMF (B) IBRD

(C) WTO (D) BRICKS